केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, समूह केन्द्र प्रथम, केरिपुबल, अजमेर

दिनांकः– 31.08.2024

नीलामी सूचना

केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1, अजमेर में पुराना/अमरम्मत योग्य/अनुपयोगी फर्नीचर, संगीत वाद्ययंत्र, पुस्तकालय की रद्दी, पुराने अखबार, परीक्षा विभाग की रद्दी एवं उत्तरपुस्तिकाएं, ऑडियो–विजुअल विभाग के पुराने उपकरण, अनुपयोगी पुराने ताले, पुराने डेजर्ट कूलर, वाटर कूलर, विद्यालय भवन की अनुपयोगी सामग्री, विद्यालय भवन के अनुपयोगी दरवाजे, खिड़कियां, लकड़ी के बोर्ड, विद्यालय परिसर में खराब हुए पेड़ो की सूखी लकड़ियां, विभिन्न विभागों के उपकरण, खेलकूद विभाग के उपकरण व सामान, कम्प्यूटर विभाग के पुराने कम्प्यूटर व अन्य आई.टी. उपकरण, पाठ्य सहगामी विभाग की अनुपयोगी सामग्री, अन्य विभागों की अनुपयोगी सामग्री की नीलामी विद्यालय परिसर एवं भवन में जहां है जैसी स्थिति में है के आधार पर की जानी है। इस हेतु इच्छुक क्रेता/फर्म दिनांक 01.09.2024 से 12.09.2024 तक विद्यालय कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे के मध्य अनुपयोगी सामग्री का निरीक्षण कर विद्यालय द्वारा निर्धारित निविदा–प्रपत्र प्राप्त कर तथा दरें भरकर सीलबंद लिफाफे में दिनांक 12.09.2024 दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय में जमा करा सकते है। निविदादाता को निविदा प्रपत्र के साथ रू.5000/–(पांच हजार रूपये मात्र) का चैक/डी.डी./नकद धरोहर राशि के रूप में जमा करानी अनिवार्य है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 12.09.2024 को दोपहर 02:00 बजे विद्यालय समिति द्वारा खोली जाएगी। विभाग अनुसार अनुपयोगी सामग्री की अधिकतम निविदा राशि भरने वाली फर्म को संपूर्ण राशि का भुगतान दिनांक 12.09.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक करना होगा एवं संबंधित फर्म को अनुपयोगी सामग्री विद्यालय परिसर से दिनांक 13.09.2024 दोपहर 02:00 बजे तक स्वयं के खर्च पर ले जानी होगी। कम्प्यूटर विभाग के पुराने कम्प्यूटर व अन्य आई.टी. उपकरण तथा अन्य विभागों की अनुपयोगी सामग्री की नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं अन्य शर्ते विद्यालय वेबसाइट https://no1crpfajmer.kvs.ac.in तथा विद्यालय सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

प्राचार्य

31/8/2024

प्राचार्य/PRINCIPAL
केन्द्रीय विद्यालय क्र. 1/K.V. NO.1
अजमेर/AJMER-305007